. चांडी का तम्बाकू उद्योग के प्रति सख्त रवैया

केरल के मुख्यमंत्री ओमन चांडी ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि तम्बाकू उद्योग को छोड़कर उनकी सरकार ने नारियल की जटा, हस्तकरघा, काजू तथा अन्य पारम्परिक उद्योग को सहयोग करने वाले कदम उठाए हैं। वामपंथी विपक्ष द्वारा पेश स्थगन प्रस्ताव के जवाब में चांडी ने कहा, "बीड़ी (तम्बाकू) उद्योग को छोड़कर मेरी सरकार ने अन्य सभी पारम्परिक उद्योग के लिए काफी कुछ किया है। हमने धूम्रपान पर रोक लगाने की कार्रवाई की है, इसलिए इस क्षेत्र में रोजगार घट रहा है।"...

2012-13-12

तिरूवनंतपुरम | केरल के मुख्यमंत्री ओमन चांडी ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि तम्बाकू उद्योग को छोड़कर उनकी सरकार ने नारियल की जटा, हस्तकरघा, काजू तथा अन्य पारम्परिक उद्योग को सहयोग करने वाले कदम उठाए हैं। वामपंथी विपक्ष द्वारा पेश स्थगन प्रस्ताव के जवाब में चांडी ने कहा, "बीड़ी (तम्बाकू) उद्योग को छोड़कर मेरी सरकार ने अन्य सभी पारम्परिक उद्योग के लिए काफी कुछ किया है। हमने धूम्रपान पर रोक लगाने की कार्रवाई की है, इसलिए इस क्षेत्र में रोजगार घट रहा है।"चांडी ने पद सम्भालने के बाद से ही तम्बाकू के प्रति सख्ती दिखानी शुरू कर दी है और कुछ महीने पहले उन्होंने राज्य में गुटखा पर रोक लगा दी। इस माह के शुरू में चांडी ने प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखकर देश भर में तम्बाकू पर रोक लगाने का अनुरोध किया। राज्य में तम्बाकू उद्योग बुरे वक्त से गुजर रहा है और खाद्य प्रसंस्करण, सूचना प्रौद्योगिकी और कपड़ा उत्पादन जैसे दूसरे कारोबार में भविष्य तलाश रहा है। खासतौर से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) द्वारा शुरू की गई कम्पनी केरल दिनेश बीड़ी पर विशेष असर पड़ा है। चांडी ने हालांकि आश्वस्त किया कि दिनेश बीड़ी के कामगारों को बकाया पेंशन भुगतान इस साल के आखिर तक कर दिया जाएगा। पिछले एक दशक में तम्बाकू की बिक्री राज्य में सलाना 1.30 करोड़ रुपये से घटकर कुछ हजारों में सिमट गई है।

केरल के मुख्यमंत्री ओमन चांडी   तम्बाकू उद्योग के प्रति सख्त रवैया   Kerala Chief Minister Oommen Chandy   strict attitude towards the tobacco industry

Tweets by dblive15

Deshbandhu

अपनी राय दें

Enter Name

Enter Email id

Enter Your Message

Post

संपर्क

Patrakar Prakashan Private Limited Deshbandhu Complex, Ramsagar Para Raipur, Chhattisgarh, PIN - 492001

Phone: 0771- 4077750, 0771-4077760

Editor-in Chief: Rajeev Ranjan Srivastava

E-mail: rajeevrsri@gmail.com

समाचार की सदस्यता लें

All rights are reserved by Deshbandhu. Copyright @ 2022. देशबन्धु बाहरी साइटों पर मौजूद सामग्री के लिए ज़िम्मेदार नहीं है.